आईआईएमः पीएचडी के लिए आवेदन शुरू

रायपुर| इंडियन इंस्टिट्यूट मैनेजमेंट (आईआईएम), रायपुर में पीएचडी के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। 22 मार्च तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। इस कोर्स में छात्रों के चयन के लिए अप्रैल में पर्सनल इंटरव्यू लिया जाएगा। जून में कोर्स शुरू होगा। जानकारी के अनुसार इकोनॉमिक्स एंड पब्लिक पॉलिसी, फाइनेंस एंड अकाउंट्स, एचआरएम एंड ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर, मार्केटिंग, इंफॉर्मेशन सिस्टम, ह्यूमैनिटीज और लिबरल आर्ट्स जैसे 9 विषयों में पीएचडी होगी। एडमिशन के लिए जरूरी है कि छात्र को दसवीं, बारहवीं और ग्रेजुएशन में फर्स्ट डिविजन मिला हो। इसके अलावा अन्य शर्तें भी हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाइट iimraipur.ac.in पर उपलब्ध है।

Dainik Bhaskar,22 February 2024, P.02